हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में 75वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में दिनांक **15 अगस्त 2021** को **75 वां स्वतंत्रता दिवस** बड़ी धूम-धाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। संस्थान के **निदेशक, डॉ. शेर सिंह सामंत** ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस का शुभारम्भ किया और उसके उपरान्त राष्ट्रगान गाया गया।



इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए जिनके अपूर्व साहस एवं प्रयासों की बदौलत हम एक स्वतंत्र और शांतिपूर्ण जीवन जी रहे है। हम सभी देशवासियों का यह कर्तव्य बन जाता है कि हम उन महान विभूतियों द्वारा दी गई कुर्बानियों को व्यर्थ न गवाएं और स्वन्त्रत भारत की प्रगति में हम सभी अपना योगदान सुनिश्चित करें।

इसके उपरान्त संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के बच्चों ने देश-भक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों को याद किया तथा समारोह में उपस्थित सभी लोगों का मनोरंजन किया। जिसमें शिल्पा, गौरव स्वरूप वर्मा, सानवी चौहान, सारंजली चौहान, रभ्या, सोनित शर्मा, परिनीका शर्मा, श्रीजल धीमान एवं आकांशा नेगी ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी।

अंत में डॉ सामंत, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने पारितोषिक वितरित कर बच्चों को सम्मानित किया तथा इस अवसर पर उपस्थित संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों विशेषकर बच्चों का इस आयोजन में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद किया।

स्वतंत्रता दिवस की कुछ झलकियाँ

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान

****